


# सुखपुरा चौक पर दु:ख ही दु:ख

**इंजीनियरिंग का कमाल!**

## फ्लाइओवर का लेवल इतना नीचा कर दिया कि वाहनों की उड़ रही छत, जान का खतरा

**दु:ख -1**
पुल के एक व दो नंबर पोल से टकराकर ऑटो, ई-रिक्शा व अन्य वाहन हो रहे क्षतिग्रस्त

**दु:ख -2**
स्कूल बसें और भारी वाहन यहां से नहीं गुजर सकते, इस क्षेत्र में रहने वाले लोग परेशान

**दु:ख -3**
6 माह पहले खोदा गया गड्ढा आज भी खुला है। इसमें गिरकर बच्चे और पशु चोटिल हो रहे

**दु:ख -4**
आसपास की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई बाधित होने से लोगों को भारी दिक्कतें हो रही

*लोगों के सवाल, अगर किसी दिन बड़ा हादसा हो गया तो जिम्मेदारी कौन लेगा।*

# डेडलाइन पूरी, लेकिन फ्लाइओवर का निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि ग्राउंड रिपोर्ट

शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से सुखपुरा चौक पर बनाए जा रहे पुल का निर्माण स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। पुल के एक-दो नंबर पोल का लेवल काफी नीचा होने के कारण ऑटो और ई-रिक्शा सहित अन्य वाहन लगातार उससे टकरा रहे हैं, जिससे वाहनों की छतें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इससे न केवल कई व्यक्ति घायल हुए हैं, बल्कि कई चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई है। लेवल नीचा होने की वजह से स्कूल बसें और भारी वाहन भी यहां से नहीं गुजर सकते। सुखपुरा चौक पर बनने वाले इस पुल का निर्माण कार्य तकनीकी खामियों और अन्य कारणों से बीच में कई बार रोका गया। लंबे समय तक काम बंद रहने से न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। बताया जा रहा है कि पुल का निर्माण इस साल के अंत तक चलेगा।

## उजड़ रहा सुखपुरा चौक
### रास्ता न ग्राहक, दुकानें बंद

## पलायन कर रहे दुकानदार
### लटके बोर्ड, दुकानें हैं खाली

## कभी गुलजार था बाजार
### अब ग्राहकों को तरस रहे




सुखपुरा चौक पर बन रहा फ्लाईओवर अब विकास परियोजना नहीं, बल्कि लापरवाही का जिंदा सबूत बन चुका है। मार्च 2024 में शुरू हुए इस फ्लाईओवर को 18 महीने में पूरा होना था, लेकिन डेडलाइन गुजर चुकी है और अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया। इसका बड़ा खामियाजा यहां के दुकानदार भुगत रहे हैं। व्यापार चौपट हो चुका है। फ्लाईओवर का काम पूरा नहीं होने के कारण यहां लोगों के आने जाने का रास्ता नहीं है। दुकानों पर ग्राहक नहीं रहे, इसका असर यह रहा कि दुकानदार सुखपुरा चौक से पलायन करने को मजबूर हैं। बहुत से दुकानदारों ने दुकानें खाली कर दी हैं। यहां हर चौथी या पांचवी दुकान के बाद बोर्ड लगे हुए हैं कि यह दुकान किराए के लिए खाली है। कभी आबाद रहने वाले सुखपुरा चौक पर लाइटों से दुकानें सजती थी, ग्राहकों की भीड़ टूटने का नाम नहीं लेती थी, लेकिन आज सुखुपरा चौक उजड़ गया है। न रास्ता है, न ग्राहक, दुकानें खाली पड़ी हैं, किराए पर लेने वाला भी कोई नहीं। दुकानदारों ने दर्द बयां किया और बताया कि जल्द से जल्द फ्लाइओवर का काम पूरा नहीं हुआ तो वे पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

### काम अधूरा, जवाब नदारद और जनता बेहाल

निर्माण एजेंसी ने पहले सड़कें उखाड़ीं, फिर रास्ते बंद किए और उसके बाद पूरा इलाका भगवान भरोसे छोड़ दिया। न वैकल्पिक मार्ग, न ट्रैफिक प्लान और न ही व्यापार बचाने की कोई रणनीति। नतीजा यह हुआ कि सुखपुरा चौक का पूरा बाजार धीरे-धीरे तबाह होता चला गया। दुकानदारों का आरोप है कि ग्राहक आ ही नहीं सकते। महीनों से बिक्री शून्य के करीब है। मजबूरी में कई दुकानदारों ने कारोबार समेट लिया है और कई अब किराया भरने में असमर्थ हो चुके हैं।

### गड्ढे में गिर रहे बच्चे और पशु

सबसे चौंकाने वाली लापरवाही पानी की पाइप लाइन के नाम पर खोदे गए गड्ढे को लेकर सामने आई है। दुकानदारों के अनुसार करीब छह महीने पहले खोदा गया यह गड्ढा आज भी खुला पड़ा है। दुकानदारों ने बताया कि इसमें बच्चे गिरकर चौटिल हो चुके हैं, पशु गिर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने अब तक उसे भरना या बंद करना जरूरी नहीं समझा। न बैरिकेडिंग, न चेतावनी, मानो हादसे का इंतजार किया जा रहा हो। स्थानीय लोगों का सवाल है कि अगर किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो गया तो जिम्मेदारी कौन लेगा।

### व्यापारियों की बर्बादी की कीमत समझें

सुखपुरा चौक आज सवाल पूछ रहा है कि तय समय सीमा खत्म होने के बाद भी प्रशासन ने क्या निर्माण एजेंसी पर कोई कार्रवाई की, क्या पेनल्टी लगाई और न ही जनता को यह बताया कि फ्लाईओवर आखिर पूरा कब होगा। क्या व्यापारियों की बर्बादी और बच्चों की जान की कोई कीमत नहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण पूरा इलाका इसे भुगत रहा है। अगर समय रहते हालात नहीं सुधरे तो सुखपुरा चौक का व्यापार पूरी तरह खत्म हो सकता है।

### टूट रहे वाहन



निर्माण एजेंसी द्वारा न तो पर्याप्त चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही ऊंचाई संबंधी कोई स्पष्ट सूचना दी गई है। छोटे वाहन इस पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। -गुलाब सिंह

### संकरा रास्ता



पुल के दोनों ओर आने-जाने के लिए रास्ता काफी संकरा है। यहां से बड़े वाहनों का गुजरना लगभग असंभव है। पुल की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। -मंदीप

### हो रहे हादसे



प्रशासन पुल के लेवल को सही करवाए। इसे जल्द बनवाया जाए। पुल जाम से मुक्ति के लिए बनाया जा रहा है, लेकिन अभी यह जाम और हादसों की वजह बन रहा है। -दीपक

### रास्ता चौड़ा हो



रास्ता चौड़ा करने के लिए विभाग को सड़क के दोनों ओर बनी दुकानों और मकानों के बाहर से चबुतरे तोड़ने पड़ेंगे तभी वाहन चालकों को राहत मिल पाएगी। -सुनील




### जानें लागत और खर्च

**काम शुरू हुआ :** मार्च 2024 में फ्लाइओवर निर्माण शुरू किया गया था और 2025 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य था

**लंबाई और स्थान:** लगभग 1.175 किलोमीटर लंबाई के साथ, यह सुखपुरा चौक पर बन रहा है

**लागत:** इस परियोजना पर लगभग 65.88 करोड़ रुपये की राशि खर्च होनी है

**संरचना:** पुल में कुल 40 पिलर बनाए जाएंगे

**सुविधाएं:** फ्लाईओवर के दोनों ओर सर्विस रोड बनाई जाएंगी और इसके नीचे वाहनों की पार्किंग की जगह होगी।

### आसपास की कॉलोनियां पानी को तरसीं

दुकानदार महेंद्र, नरेश और नवल आदि ने बताया कि काम तो कछुआ चाल से चल रहा है। पेयजल की पाइप लाइन उखाड़ दी गई थी, कई दिनों तक आसपास की कॉलोनियों में भी पानी नहीं मिला। ठेकेदार के कर्मचारी काम करने आते हैं, तीन दिन काम चला और फिर एक हफ्ते तक कोई नजर नहीं आता। ऐसे में तो फ्लाईओवर का काम पूरा होने में एक साल और लग जाएगा, तब तक दुकानदार पूरी तरह बर्बाद हो चुके होंगे।

## मदवि में एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आज उद्घाटन करेंगे सीएम



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 3 से 7 फरवरी तक स्पेशल ओलंपिक्स भारत एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इस प्रतिष्ठित खेल के आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 700 विशेष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। स्पेशल ओलंपिक्स चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह तीन फरवरी को सुबह 9.30 बजे खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा करेंगी। 50 मीटर दौड़, 100 मीटर, स्टैंडिंग लॉन्ग जंप, मिनी जेवलिन। 80, 200 और 400 मीटर दौड़, शॉटपुट, रनिंग, लॉन्ग जंप, रिले रेस। 1500, 3000 और 5000 मीटर दौड़, शॉटपुट, रनिंग लॉन्ग जंप, रिले आदि इवेंट आयोजित किए जाएंगे।

**सहयोगियों का निलंबन रद्द कराने को लेकर धरना**

## पटवारी हड़ताल पर, जनता परेशान



**रोहतक।** मांगों के लिए धरना देते पटवारी एवं काननूगो एसोसिएशन के सदस्य।

*रजिस्ट्री से लेकर जाति प्रमाण पत्र, डोमेसाइल सहित अन्य कार्य प्रभावित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नीमली गांव चरखीदादरी के पटवारी अमित कुमार, पटौदी गुरुग्राम के सुनील, जांडवाल फतेहाबाद के सतपाल, जुई खुर्द भिवानी के कृष्ण, शाहबाद कुरुक्षेत्र के जतिन चावला और कालवन जींद के पटवारी अनिल कुमार की सेवाएं बहाल करने की मांग को लेकर सोमवार को जिले के पटवारियों ने तहसील कार्यालय पर धरना दिया। इससे आम जनता के काम नहीं हो पा रहे है। ध्यान रहे कि छह पटवारियों को सरकार ने बारिश से खरीफ फसल की सही गिरदावरी रिपोर्ट सरकार को न देने के आरोप में निलंबित किया था। जब से पटवारी निलंबित किए गए हैं, तब से कर्मचारी मांग कर रहे हैं कि सहयोगियों का सस्पेंशन रद्द किया जाए। लेकिन सरकार ने तो सस्पेंशन रद्द किया और न ही एसोसिएशन को मिलने का समय दिया।

## एक्टिवा से अवैध शराब की सप्लाई आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक्टिवा सवार एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 100 पव्वे अवैध शराब बरामद की है। आरोपी के खि ला फ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम एक रुपया चौक के पास गश्त पर मौजूद थी। एक्टिवा सवार युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। शक के आधार पर पुलिस टीम ने युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। दो गत्ता पेटियों से कुल 100 पव्वे अवैध शराब बरामद हुई। पूछताछ में युवक की पहचान मंजीत निवासी सुनारियां कलां के रूप में हुई। आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।

- गश्त के दौरान रुपया चौक के पास पकड़ा, 100 पव्वे अवैध शराब बरामद

## कैंसर मुक्त भारत का संदेश देगी कल की बाइक रैली

*रैली के साथ-साथ विशेष वर्कशॉप भी लगाई जाएगा*

# बढ़ते कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हरिभूमि ने उठाया बीड़ा

*रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य*

*रैली इंडस स्कूल के पास से शुरू होकर कृषि विज्ञान केंद्र के सामने स्थित हरिभूमि सिटी ऑफिस दिल्ली रोड पर संपन्न होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 4 फरवरी को रोहतक शहर में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कैंसर जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को इसके बचाव के तरीकों से अवगत कराने के लिए इंडियन ऑयल और हरिभूमि (राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र) के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल बाइक रैली और विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कैंसर के बढ़ते खतरे को देखते हुए घर-घर तक कैंसर नियंत्रण और रोकथाम का संदेश पहुंचाना है। आयोजकों के अनुसार कैंसर से डरने की नहीं बल्कि सही समय पर इसके लक्षणों को पहचानने की जरूरत है।

### रैली सुबह 10 बजे शुरू होगी

बाइक रैली की शुरुआत सुबह 10:00 बजे हरिभूमि कार्यालय इंडस स्कूल के पास से शुरू होकर पावर हाउस चौक, अशोका चौक, सुभाष चौक से वापस शीला बाईपास चौक, दिल्ली बाईपास चौक से होते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के सामने स्थित हरिभूमि सिटी ऑफिस दिल्ली रोड पर समापन होगा। रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश देना है।

### कैंसर के लक्षण, जांच उपायों पर विस्तार से चर्चा होगी

रैली के साथ-साथ एक विशेष वर्कशॉप का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सा जगत के दिग्गज विशेषज्ञ मार्गदर्शन करेंगे। डॉ. अशोक चौहान (सीनियर प्रोफेसर एवं हेड, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग, पीजीआई रोहतक) इस कार्यशाला का नेतृत्व करेंगे। डॉ. चौहान सुबह 10:00 से 11:00 बजे तक इंडस पब्लिक स्कूल (दिल्ली रोड) में कैंसर के शुरुआती लक्षणों, समय पर जांच के महत्व और इससे बचाव के आधुनिक उपायों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। यह सत्र आम जनता के लिए अपनी शंकाओं को दूर करने और विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का एक सुनहरा अवसर होगा।



